# चिंटल्स ने सेंट मैरी इटावा को पराजित किया

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-4 टेबल टेनिस चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू हुई। इसमें 40 स्कूल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन अंडर-14 बालिका वर्ग में डीपीएस बर्रा और एसएसडीसी कानपुर की टीम ने शानदार जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला धिकारी जिर्तेद्र प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष संजीव पाठक, सीबीएसई पर्यवेक्षक विवेक कुमार ओझा ने किया। डीएम ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों के समन्वय से छात्रों का समग्र विकास होता है। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 बालिका वर्ग के मुकाबलों में द चिंटल्स स्कूल कल्याणपुर ने सेंट मैरी स्कूल इटावा को 3-0 से, दिबियापुर स्कूल ने जेबी एकेडमी अयोध्या को 3-1 से, डीपीएस बर्रा ने एलपीएस उन्नाव को 3-0 से और एसएसडीसी कानपुर ने यश विद्या मंदिर अयोध्या को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, बालक वर्ग में एलपीएस एलडीए कॉलोनी लखनऊ ने सेंट मैरी इटावा को 3-0 से, जेबी एकेडमी अयोध्या ने डीपीएस लखनऊ को 3-1 से, यूपी सैनिक स्कूल लखनऊ ने सनबीम अयोध्या को 3-1 से और डीपीएस बर्रा ने डीपीएस इटावा को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई। अंडर-17 बालिका वर्ग में नवयुग रेडियंस लखनऊ ने एलेन हाउस खलासी लाइन को 3-0 से, सेंट मैरी कॉलेज इटावा ने डीपीएस आजाद नगर को 3-2 से और एलपीएस उन्नाव ने जय नारायण विद्यालय को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल भावना गुप्ता भी रहीं।



सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में चैम्पियनशिप का शुभारंभ करते डीएम।